दिन–गुरूवार दिनांक– 14 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में पीएम स्वनिधि योजना के तहत एक लाख रेहड़ी–पटरी वालों के बीच ऋण का वितरण किया। कहा– यह योजना छोटे व्यापारियों के लिए जीवन रेखा साबित हुई है।

02. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– सीएए नागरिकता देने का कानून है। राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर और सीएए के बीच संबंधों को किया खारिज।

03. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने लोकसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर आज पटना में हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतनराम मांझी से मुलाकात की।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और पूर्व मंत्री मंगल पांडेय समेत सभी ग्यारह उम्मीदवार बिहार विधान परिषद के लिए निर्विरोध निर्वाचित।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में पीएम स्वनिधि योजना के तहत एक लाख रेहड़ी–पटरी वालों के बीच ऋण का वितरण किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने लाभार्थियों से संवाद करते हुये कहा कि यह योजना छोटे व्यापारियों के लिए जीवन रेखा साबित हुई है।

–––बाईट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत अब तक बासठ लाख से अधिक लाभार्थियों को लगभग ग्यारह हजार करोड़ रूपये की सहायता पहुंचाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इस योजना की आधी से अधिक लाभार्थी महिलाएं हैं।

–––बाईट–––

श्री मोदी ने रेहड़ी–पटरी वालों और सड़क किनारे दुकानदारों को समाज में उनके योगदान के लिए बधाई दी।

---

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दोहराया है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम–सीएए नागरिकता का अधिकार देने का कानून है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यह कानून किसी की भी नागरिकता नहीं छीनेगा। एक समाचार एजेंसी से साक्षात्कार में

श्री शाह ने कहा कि सीएए अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, इसाई और पारसी शरणार्थियों को अधिकार और नागरिकता उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम के प्रावधानों के तहत उन सभी के समान अधिकार होंगे, क्योंकि अब वे भी भारत के नागरिक बन जाएंगे।

———बाईट———

सीएए के कानून को भारतीय जनता पार्टी की सरकार लाई है, नरेन्द्र मोदी सरकार लाई है, इसको रिपील करना असंभव है। हम पूरे देश को जागरूक करेंगे और जहां तक असंवैधानिक होने का सवाल है तो वो ऑर्टिकल—14 का वायलेशन नहीं करती इसमें रीजनेबल क्लासिफिकेशन बहुत स्पष्ट है कि जिन लोगों पर भारत के पुराने हिस्सों में विभाजन के कारण देश से कटे हैं, अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश। जिन लोगों में धार्मिक प्रताडना होने के कारण जो भारत की शरण में आए हैं उसके लिए यह कानून है।

श्री शाह ने कहा कि उन्हें भारत के नागरिकों की तरह नागरिकता सूची में शामिल किया जाएगा और वे चुनाव लड सकेंगे तथा सांसद, विधायक, मुख्यमंत्री और मंत्री बन सकेंगे। गृह मंत्री ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर—एनआरसी का सीएए से कोई संबंध नहीं है। श्री शाह ने कहा कि किसी के लिए भी दरवाजे बन्द नहीं हुए हैं और मुसलमानों को भी नागरिकता के लिए आवेदन करने का अधिकार है।

———बाईट———

जिनके पास दस्तावेज नहीं है इसका रास्ता हम बाद में ढूंढेगे परन्तु जिनके पास दस्तावेज है वो एक रफ अंदाज से 85 प्रतिशत से ज्यादा है। सब लोग एप्लीकेशन करें मैं सबको अपील करता हूं ये एप्लीकेशन देश की सभी भाषाओं में है। आपकी भाषा में आप डाउनलोड कर सकते हों। आपके समय की अनुकूलता से भारत—सरकार आपको इंटरव्यू और डॉक्यूमेंट की ऑडिट के लिए बुलाएगी। ऑर्जिनल डॉक्यूमेंट लेकर आना पडेगा। पंद्रह अगस्त, 1947 से लेकर 31 दिसम्बर 2014 तक जो भी आए हैं वो और उनके बच्चों का भारत में स्वागत है।

———————————————————————

एक राष्ट्र—एक चुनाव के मुद्दे पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। समिति ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, पन्द्रहवें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एन. के. सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में यह रिपोर्ट सौंपी। विधि और न्याय मंत्रालय ने कहा कि सभी सुझावों पर सावधानीपूर्वक विचार—विमर्श के बाद इस समिति ने देशभर में सभी चुनाव एक साथ कराने के लिए दो चरणों वाली प्रक्रिया की सिफारिश की है।

———————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने अश्लील सामग्रियों वाले अठारह ओटीटी प्लेटफॉर्म बंद कर दिए हैं। इनमें ड्रीम्स फिल्म्स, हंटर्स, हॉट शॉट्स वीआईपी, प्राइम प्ले

और अनकट अड्डा शामिल हैं। इन मंचों के साथ जुड़े उन्नीस वेबसाइट, दस ऐप और संतावन सोशल मीडिया अकाउंट पर भारत में प्रतिबंध लगा दिया गया है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

यह निर्णय मीडिया तथा मनोरंजन, महिलाओं और बच्चों के अधिकारों से संबंधित डोमेन विशेषज्ञ और अन्य मंत्रालयों के परामर्श से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 के प्रावधानों के अंतर्गत लिया गया है। मंत्रालय ने बताया कि सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने इन मंचों की जिम्मेदारी को लेकर कहा कि ये मंच रचनात्मक अभिव्यक्ति की आड़ में अश्लीलता और दुर्व्यवहार का प्रचार न करें। मंत्रालय ने कहा कि इन मंचों पर उपलब्ध सामग्रियों में अधिकतर अंश अश्लील और महिलाओं को आपत्तिजनक तरीके से चित्रित करने वाले पाये गये हैं। दीपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं सरफिरोजी।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को रोजगार से जुड़े विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण उपलब्ध कराये जायेंगे। श्री सिंह ने बताया कि बेगूसराय में इन महिलाओं को पर्यटन क्षेत्र से जोड़ने के लिए इज माई ट्रिप समूह के साथ समझौता किया गया है।

–––बाईट–––

बाद में केन्द्रीय मंत्री ने जिले के रजौरा गांव में जीविका दीदियों द्वारा लिथियम आयन बैट्री बनाने के लिए एक निजी कम्पनी द्वारा स्थापित किये जा रहे प्रशिक्षण केन्द्र की आधारशिला रखी।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और पूर्व मंत्री मंगल पांडेय समेत सभी ग्यारह उम्मीदवार बिहार विधान परिषद के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये हैं। वहीं, जदयू से खालिद अनवर, भाजपा से लालमोहन गुप्ता और अनामिका सिंह निर्वाचित हुई हैं। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा से संतोष कुमार सुमन विधान पार्षद बने हैं। इसके अलावा राजद के वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी, फैसल अली और सीपीआई माले की शशि यादव भी निर्वाचित घोषित की गयी हैं। नये सदस्यों के निर्वाचन के साथ ही भाजपा चौबीस सदस्यों के साथ सदन में सबसे बड़ी पार्टी बन गयी है। वहीं, अब जदयू बाईस सदस्यों के साथ दूसरी बड़ी पार्टी है। सदन में राजद के पन्द्रह सदस्य हो गये हैं। कांग्रेस के तीन, भाकपा–माले, हम, सीपीआई और राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के एक–एक सदस्य हैं। वहीं, सदन में छह निर्दलीय सदस्य हैं। फिलहाल परिषद की एक सीट रिक्त है। विधान परिषद में कुल पचहत्तर सीटें हैं।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––

जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि लोकसभा चुनाव को लेकर एनडीए के घटक दलों के बीच जल्द ही सीटों की बंटवारे की घोषणा

हो जाएगी। आज पटना में पत्रकारों से बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल का भी जल्द ही विस्तार होगा।

–––बाईट–––

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस को लोकसभा चुनाव से संबंधित फैसला लेने के लिए अधिकृत किया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल ने आज नई दिल्ली में पार्टी की संसदी बोर्ड की बैठक के बाद कहा कि वे लोग एनडीए में थे और एनडीए में ही बने रहेंगे।

–––बाईट–––

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने आज पटना में हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतनराम मांझी से मुलाकात की। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान दोनों नेताओं के बीच लोकसभा सीटों के बंटवारे और मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चर्चा हुई। इस बीच, बैठक के बाद हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन ने कहा कि यह एक औपचारिक मुलाकात थी। पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी एनडीए के साथ मजबूती के साथ खड़ी है।

–––बाईट–––

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में दो हजार नौ सौ एक नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों और दो सौ उन्नीस सहायक अभियंताओं के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने विश्वविद्यालयों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने और समय पर परीक्षाओं का आयोजन करने को कहा है। श्री आर्लेकर आज बी.आर. अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर की सीनेट की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा का कल दो पालियों में आयोजन किया जायेगा। आयोग ने कहा है कि परीक्षा शुरू होने के एक घंटे पहले तक ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। परीक्षा

केन्द्र पर मोबाईल और ब्लूटूथ समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर रोक रहेगी।

————————————————————————

समस्तीपुर जिले के विभिन्न विद्यालयों में फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी कर रहे पांच शिक्षकों के खिलाफ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

————————————————————————

गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र अन्तर्गत बलथरी चेकपोस्ट के पास पुलिस ने वाहन जांच के दौरान साठ किलो चांदी के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद चांदी का बाजार मूल्य चालीस लाख रूपये बताया जाता है।

————————————————————————

मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र स्थित रमनकाबाद गांव के पास अपराधियों ने एक युवक से डेढ़ लाख रूपये लूट लिये।

————————————————————————

अररिया की एक अदालत ने हत्या के दोषी मोहम्मद शाकिर को आजीवन कारावास और पच्चीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

————————————————————————

समस्तीपुर जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चलाकर लगभग तीन करोड़ रूपये मूल्य की चोरी और लूट की मोबाईल तथा मोटरसाईकिल बरामद की है।

————————————————————————

खगड़िया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत दुर्गापुर चौक से पुलिस ने पचास हजार रूपये के ईनामी अपराधी नवीन यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

————————————————————————

अरवल सदर और परासी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोन दियारा में पुलिस ने अभियान चलाकर सत्तर लीटर शराब जब्त की है। साथ ही सात हजार चार सौ लीटर जावा महुआ नष्ट किया गया।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार............ एक बार फिर

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में पीएम स्वनिधि योजना के तहत एक लाख रेहड़ी–पटरी वालों के बीच ऋण का वितरण किया। कहा– यह योजना छोटे व्यापारियों के लिए जीवन रेखा साबित हुई है।

02. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– सीएए नागरिकता देने का कानून है। राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर और सीएए के बीच संबंधों को किया खारिज।

03. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने लोकसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर आज पटना में हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतनराम मांझी से मुलाकात की।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और पूर्व मंत्री मंगल पांडेय समेत सभी ग्यारह उम्मीदवार बिहार विधान परिषद के लिए निर्विरोध निर्वाचित।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।